एल्गोक्वॉन्ट टेक एलएलपी

(LLPIN: AAM-5582)

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट सी–26, एलजीएफ, सुशांत शॉपिंग आर्केड, सुशांत लोक–1, गुरुग्राम, हरियाणा–122002

सामान्य सूचना

एलएलपी (एलएलपी का समावेश) नियम 2009 के नियम 17(4) के तहत, नोटिस आम जनता को दिया जाता है कि उपरोक्तानुसार लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप अपने पंजीकृत कार्यालय को हरियाणा राज्य से गुजरात राज्य में स्थानांतरित कर रहा है। कोई भी व्यक्ति जिसकी रुचि प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, इस नोटिस के 21 दिनों के भीतर एलएलपी के पंजीकृत कॉर्यालय में सूचित कर सकते है।

कृते **एल्गोक्वॉन्ट टेक एलएलपी**
देवांश गुप्ता
(मनोनीत पार्टनर)
DPIN: 06920376

दिनांकः 28-01-2021
स्थान : गुरुग्राम

इण्डियन ओवरसीज बैंक

पंजाबी बाग शाखा, नई दिल्ली
1/52, नॉर्थ एवेन्यू रोड़, पंजाबी बाग
नई दिल्ली–110026, (ई–मेल : iob0687@iob.in)

शुद्धिपत्र

हमारी प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8(6) नियमों के प्रावधान के तहत ''अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना'' के संदर्भ में **मेसर्स मल्होत्रा एंटरप्राइजेज (प्रो. शोभ मल्होत्रा) और श्री राजेश वर्मा** के खातों में दिनांक **14/01/2021** को बिसनेस स्टैंडर्ड (अंग्रेजी + हिंदी) में मद क्रमांक संख्या क्रमशः 2 और 3 में प्रकाशित, हम यह सूचित करना चाहते हैं कि उक्त ''बिक्री की सूचना'' एतद्द्वारा **वापस ली गई है।**

अन्य खातों के लिए, प्रकाशन लागू और अपरिवर्तित रहेगा।

प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक — **दिनांक : 27.01.2021** — **स्थान : नई दिल्ली**

एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)
खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500 028
CIN:L13100TG1958GOI001674

संविदा विभाग

निविदा पूछताछ संः मु.(संविदा) / एनआईएसपी /मेंट./इन्स्ट्रु./763 दिनांकः 28.01.2021

एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार केअधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक नवरत्न कंपनी है जो छत्तीसगढ राज्य में जगदलपुर के निकट नगरनार में 3.0 एमटीपीए इंटिग्रटड स्टील प्लांट केलिए 2 वर्षो की अवधि हेतु आरएमएचएस, कोक ओवेन, बाई-प्रोडक्ट, सिंटर प्लांट एवं संबंधित सहायक यंत्रीकरण संस्थापन के रखरखाव के लिएअनुभवी घरेलू बोलीकर्ताओं से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित है।

विस्तृत एनआईटी एवं बोली कागजात एनएमडीसी की वेबसाइट http:/www.nmdc.co.in **केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टलः** http://www.eprocure.gov.in/epublish/app **तथा एमएसटीसी पोर्टलः** http://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc **पर दिनांक** 28/01/2021 **से** 10/02/2021 **तक अवलोकन / अथवा डाउन लोड किए जा सकते हैं।**

एमएसटीसीपोर्टल पर बोली कागजातों कि एक्सेसिंग के लिए बोलीकर्ता एमएसटीसी वेबसाइट पर जाएं एवं निविदा सं.: एनएमडीसी / एचओ /103/20-21/ ईटी / 789 सर्च करें। शुद्धिपत्र, भविष्य में यदि कोई हो, के लिए बोलीकर्ताओं को नियमित आधार पर एनएमडीसी वेबसाइट / सीपीपी पोटल / एमएसटीसी वेबसाइट को दखना अपेक्षित है।

अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए निम्नांकित से संपर्क किया जा सकता हैःमुख्य महाप्रबंधक (संविदा) एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फैक्स सं +91-040-23534746, **दूरभाष सं** +91-040-23532800, ई-मेलः steelcontracts@nmdc.co.in

मुख्य महाप्रबंधक (संविदा)

इण्डियन ओवरसीज बैंक

ইন্ডিয়ান ওভারসীজ ব্যাঙ্ক

असेट रिकवरी मैनेजमेंट शाखा

नं. 3, चौरंघी अप्रोच, कोलकाता–700072, फोन. नं. 033–2212 4053, ई–मेल : **iob1996@iob.in**

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत]

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकररण एवं पुनःनिर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक रखी/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका **भौतिक कब्ज़ा इण्डियन ओवरसीज बैंक,** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, को निम्नवर्णित उधारकर्ता एवं गारंटरों से **इण्डियन ओवरसीज बैंक,** प्रतिभूत लेनदार को **दिनांक 31.12.2020** के अनुसार बकाया राशि **रु.52,08,60,150.10 (बावन करोड़ आठ लाख साठ हजार एक सौ पचास रुपये एवं दस पैसे मात्र)** की बकाया राशि एवं इस पर आगे के ब्याज एवं लागत सहित वसूली के लिए **दिनांक 18.02.2021 को "जैसे है जहाँ है" एवं "जैसे है जो है" व " जो कुछ भी है"** आधार पर बेच दिया जाएगाः

क्र.स.	नाम	क्र.स.	नाम
1.	**मेसर्स सैंडस्टोन इंफ्राप्रॉजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** 63 / बी, दूसरी मंजिल, आशा भवन कॉलेज स्ट्रीट,कोलकाता – 700073 **(उधारकर्ता)**	2.	**श्री दिनेश राज बग्गा,** जी–243, नारायणा विहार, कैर दक्षिण–पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली –110028 **(बन्धककर्ता)**
3.	**श्री सचिन अग्रवाल,** 63 / बी, दूसरी मंजिल, आशा भवन कॉलेज स्ट्रीट, कोलकाता – 700073 **(गारंटर)**	4.	**श्रीमती शशि अग्रवाल** 63 / बी, दूसरी मंजिल, आशा भवन कॉलेज स्ट्रीट ,कोलकाता – 700073 **(गारंटर)**

सुरक्षित राशि **रु. 2,85,12,250/**–और अग्रिम धन राशि **रु 28 51 230 /**–

अचल संपत्ति का विवरण

संपूर्ण पहली मंजिल एवं दूसरी मंजिल, संपत्ति सं.: जी–243, क्षेत्रफल 250.83 वर्ग मी., ब्लॉक–जी, नारायणा रेसिडेंशियल (दुकान सह आवास), स्कीम, नई दिल्ली–110028 **श्री दिनेश राज बग्गा जो स्वर्गीय श्री जीवन दास बग्गा के पुत्र हैं, के नाम में है।**

(भौतिक कब्ज़ा के अधीन) संपत्ति की सीमाएँ: पूर्वः संपत्ति सं. जी–242, **पश्चिमः** सड़क 45 फीट चौड़ी, **उत्तरः** सर्विस लेन, **दक्षिणः** सड़क 60 फीट चौड़ी

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया इण्डियन ओवरसीज बैंक, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थातः **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi** में प्रदत्त लिंक देखें।

स्थानः कोलकाता, दिनांक : **25.01.2021** — प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक

कब्जा सूचना

जबकि, असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदारों से उक्त सूचनाओं में उनके संबंधित नाम के सामने वर्णित राशियां, उन पर लागू दरों पर ब्याज के साथ, उक्त सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर, आगे भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चे, लागतें, प्रभार इत्यादि चुकाने की मांग की गई थी।

क्र. सं.	कर्जदार का नाम/सह–कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या	कुल बकाया राशि (रू. में)/ नियत तिथि	कब्जा की तिथि एवं प्रकार
1	सरिता चौधरी / आज़ाद सिंह/ डीईएलएचएल17000119 / डीईएलएचएल17000131	रु. 21328363.43/- 28.11.2019	भौतिक 23.01.2021

सम्पत्ति का वर्णन : प्लाट नं 60, ब्लॉक जे0 (ग्राउंड फ्लोर) से जुडे हुए सभी पीस और पार्सल, मालविय नगर आवासिय योजना, नई दिल्ली के एक्सटेंशन प्लान के ले आऊट जिसको "साकेत" के नाम से जाना जाता है, में स्थित है और श्री आजाद सिंह और श्रीमती सरिता चौधरी के नाम में है। चौहद्दी : पूर्व : 15 फीट सर्विस लेन, पश्चिम : 60 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर : प्लॉट नंबर 61, दक्षिण : प्लॉट नंबर 59

जबकि इसमें ऊपर वर्णित कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों को विशेष रूप से और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि आर्सिल के अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां ऊपर वर्णित संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों का **भौतिक कब्जा** उपरिवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से ऊपर वर्णित कर्जदारों तथा जनसाधारण को उपरोक्त संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और उपरोक्त संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आर्सिल के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान : दिल्ली
तिथि : 28–01–2021

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : U65999MH2002PLC134884, वेबसाइटः www.arcil.co.in

पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई–400028, फोन : + 91 2266581300

शाखा पता : द्वितीय तल, सेठी चैम्बर्स, प्लॉट नंबर 2, डीडीए लोकल शॉपिंग सेन्टर, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली–110060, फोन : 011–46370444

बाद सं० – 46/2020 ID 202011170002259
धारा – 14 सरफैसी एक्ट

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) बुलन्दशहर।

पत्रांक–842 /पेशकार–ए०डी०एम०–(एफ०/आर०) दिनांकः 25 जनवरी, 2021

1. मेसर्स ए०एस० वॉशिंग एन्टरप्राईज निवासी – प्लॉट नम्बर–सी०ओ०–03, गोपालपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया, सिकन्द्रबाद।
2. श्री अरूण सिरोही पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह, निवासी – गांव लाठोर पोस्ट छायसा तहसील सिकन्द्रबाद एवं ई–1504, एन०आर०आई०, एस०डी०एस० रेजीडेन्सी, निकट परी चौक, ग्रेटर नौएडा।
3. श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री रघुबीर सिंह निवासी – प्लॉट नम्बर–34 सेक्टर–2, निकट आई०एम०टी० पलाई ओवर, बल्लभगढ, हरियाणा–121004।

अधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया शाखा नोएडा द्वारा आपके विरुद्ध दिनांक 30.11.2019 से अवशेष धनराशि 87,69,642.44/- (सतासी लाख उनहत्तर हजार छः सौ ब्यालीस रूपये चौवालीस पैसे) एवं आगामी व्याज आादि की धनराशि की वसूली हेतु SECURED CREDITOR/BANK FOR TAKING ACTION IN TERMS OF SECTION-14 OF THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 के अन्तर्गत कार्यवाही करने के लिए इस न्यायालय में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि आपने बैंक की उपरोक्त अवशेष धनराशि अदा नहीं की है। बैंक द्वारा बन्धक अचल सम्पत्ति को कुर्क कर कब्जा प्राप्त कराने हेतु पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अनुरोध किया है। उक्त प्रार्थना–पत्र मेरे न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप दिनांक 01.02.2021 को समय 10.30 बजे पूर्वान्ह मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित उत्तर प्रस्तुत करें अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की धारा –14 के आन्तर्गत प्रार्थना पत्र में अंकित बन्धक अचल सम्पत्ति को कुर्क कर कब्जा प्राप्त कराने हेतु पुलिस बल उपलब्ध कराये जाने के ओदश पारित कर दिये जायेंगे।

स्वा/–
अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)
बुलन्दशहर।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

कॉर्पोरेट पहचान नंबर : L65110MH1985PLC038137, wwww.kotak.com
पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,
बांद्रा (ई). मुंबई–400 051. शाखा कार्यालय: 1/11, पहली मंजिल, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी सह बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन, नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों), जमानती(यों) तथा/अथवा बंधखकर्ता(ओं) को सूचना दी जाती है कि **कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड** (''प्रत्याभूत ऋणदाता'') के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिस पर प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी ने **प्रतिकात्मक कब्जा** प्राप्त कर लिया है, कर्जदार/रों नामतः **मेसर्स जैसिका ज्वेलस और फेशन प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदारों) और 1. श्री विपिन कुमार गुप्ता, 2. श्रीमती सविता गुप्ता, 3. श्री जय किशन अग्रवाल, 4. श्री अमीत गुप्ता, 5. मेसर्स प्रकाश ट्रेडविजन एलएलपी, 6. मेसर्स वीज़ा एंट्रेड एलएलपी, 7. मेसर्स कारा बिलटेक एलएलपी, 8. मेसर्स जैसिका एंट्रेड (गारंटरों और/या बंधकर्ताओं)** से प्रत्याभूत ऋणदाता होने के नाते कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के **17 दिसम्बर 2015** तक बकाया **रुपये 22,47,25,261.01/– (रु. बाईस करोड़ सैतालीस लाख पच्चीस हजार दो सौ इकसठ रुपये और एक पैसा मात्र)** तथा भुगतान/वसूली की दिनांक तक चक्रवृद्धि ब्याज की गणना पर अनुबन्धात्मक ब्याज पर उस पर भावी ब्याज एवं अन्य प्रभारों की वसूली हेतु ई–नीलामी के माध्यम से ''जहां है जैसा है'', ''जो है वही है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर दिनांक **3 मार्च 2021** को बिक्री की जायेगी। नीलामी हेतु रखी अचल सम्पत्तियों का विवरण/विवरणों, आरक्षित मूल्य, जमा अग्रिम जमा राशि और नीलामी की अनुसूचि का उल्लेख निम्नलिखित हैं–

बंधकर्ता/ओं के नाम	ई–नीलामी के लिए रखी गई अचल संपत्ति का विवरण	ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक	ई–नीलामी की दिनांक और समय	आरक्षित मूल्य (₹) अग्रिम राशि जमा (ईएमडी) (₹)
मेसर्स वीज़ा एंट्रेड एलएलपी	संपत्ति का संपूर्ण और सर्वांगीण भाग दूसरी मंजील की संपत्ति धारक सं.–14, ब्लॉक–ए–2, 351 वर्ग मीटर का क्षेत्र, वर्तमान और भविष्य के सभी निर्माणों, शीर्षक, ब्याज, सहजियों, विशेषाधिकार, फिटिंग, जुड़नार, कनेक्शन, साझा मार्ग में अधिकार, लिफ्ट (यदि कोई हो), प्रवेश द्वारा, मार्ग, सीढ़ी, वर्तमान और भविष्य के विकास अधिकार और उसमें प्रदान की गई अन्य सामान्य सुविधाओं और सुविधाओं सहित वर्तमान और भविष्य की संरचनाओं के साथ, जनकपुरी आवासीय योजना में मौजूद, नई दिल्ली। सीमांकन : उत्तर : सर्विस लेन, पूर्व : प्लाट नं. 13, दक्षिण : सड़क, पश्चिम : प्लाट नं. 15	**2 मार्च 2021 समय : अपराह्न 04:00 बजे तक**	**03 मार्च 2021 समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 के बीच**	**रु. 2,00,00,000/–** (रुपये दो करोड़ मात्र) **रु. 20,00,000/–** (रुपये बीस लाख मात्र)

अधोहस्ताक्षरी अपने विवेकाधिकार पर और संभावित खरीदारों के अनुरोध पर, अपने अधिकृत प्रतिनिधि/एजेंट के माध्यम से 13 फरवरी 2021 को समय : प्रातः अपराह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे के बीच कथित संपत्ति के निरीक्षण की व्यवस्था कर सकता है।

महत्वपूर्ण नियम और शर्तें:

1. ई–नीलामी वेबसाइट के माध्यम से केवल ''ऑन लाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली'' द्वारा 03 मार्च 2021 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 के बीच 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ आयोजित की जाएगी।
2. ई–नीलामी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए, इच्छुक बोलीदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, बी–704–5, वॉल स्ट्रीट–II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज रोड, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद से संपर्क कर सकते हैं, संपर्क व्यक्ति श्री राम शर्मा–06351896834, ईमेलः delhi@auctiontiger.net; ramprasad@auctiontiger.net, हेल्पलाइन नंबर 079-61200595/520/548. हेल्पलाइन ईमेल आईडी- support@auctiontiger@net
3. इच्छुक बोलीदाता नीलामी के विवरणों और बिक्री के नियमों और शर्तों के लिए बैंक की आधिकारिक वेबसाइटः https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html पर भी देख सकते हैं।
4. नीलामी की बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, बोलीदाताओं को पोर्टल https://kotakbank.auctiontiger.net के माध्यम से देखने की सलाह दी जाती है और बोली प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीदाताओं पर कथित नियम और शर्तें बाध्यकारी होंगी।
5. यह अनुरोध किया जाता है कि इच्छुक बोलीदाताओं को बोली और अन्य दस्तावेज अपलोड करने से पहले पोर्टल https://kotakbank. auctiontiger.net पर जाकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड तैयार करना आवश्यक है।
6. बोली लगाने के प्रपत्र निर्धारित प्रपत्रों में भरे जाने चाहिए और उन्हें 02 मार्च 2021 या उससे पहले समय : अपराह्न 4:00 बजे तक पोर्टल https://kotakbank.auctiontiger.net पर बोलीदाता के केवाईसी दस्तावेजों के साथ केवल ऑनलाइन प्रस्तुत/अपलोड किया जाएगा और विधिवत हस्ताक्षरित भरे गये बोली के प्रपत्र के साथ बोलीदाता के केवाईसी दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां gs.pandey@kotak.com और batesh.thakur@kotak.com की ईमेल पर भेजी जानी चाहिए। बोलीदाता **''मेसर्स जैसिका ज्वेलस एण्ड फेशन प्राइवेट लिमिटेड'' के खाते में संपत्ति की खरीद के लिए''** ईमेल का विषय लिखेगा। भावी बोलीदाता लॉगिन आईडी, पासवर्ड बनाने और ऑनलाइन बोली प्रक्रिया आदि के लिए, मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (Auction Tiger) से उपरोक्त संपर्क नंबरों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।
7. अग्रिम राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/एनईएफटी/वित्त हस्तांतरण के माध्यम से खाता क्रमांक 0641012527201, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, नरीमन पॉइंट शाखा, मुंबई, आईएफएससी कोडः KKBK0000958 दिनांक 2 मार्च 2021 को अपराह्न 04:00 बजे तक या उससे पहले जमा की जाएगी। ईएमडी राशि जमा किए बिना प्रस्तुत की गई कोई भी बोली स्वतः निरस्त हो जाएगी। प्रस्तावित बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
8. प्रस्तुत की जाने वाली बोली का मूल्य आरक्षित मूल्य के बराबर और/या उससे अधिक होगा और बोली की प्रक्रिया के दौरान, बोली लगाने वाले बोलीदाता आगे की बोलियां **रु. 1,00,000 (रूपये एक लाख मात्र)** के गुणकों में बढ़ाएंगे।
9. यदि ई–नीलामी की कार्यवाही के समापन समय के अंतिम 5 मिनट के भीतर कोई बोली लगाई जाती है, तब समापन का समय अपने आप बढ़ जाएगा और तुरंत उस समय को अन्य 5 मिनटों तक बढ़ा दिया जाएगा।
10. सफल बोली लगाने वाले को ई–नीलामी बिक्री की कार्यवाही के समापन पर या ई–नीलामी के दिन की समाप्ति के बाद अगले कार्यदिवस उच्चतम बोली राशि (पहले से ईएमडी का भुगतान शामिल है) का 25 प्रतिशत तुरन्त जमा करना होगा, जैसा उपरोक्त रूप में निर्दिष्ट किया गया है। उच्चतम बोली की शेष राशि का 75 प्रतिशत उस तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा, जिस पर बिक्री की स्वीकृति/पुष्टि कथित सफल बोलीदाता को की गई है या ऐसी विस्तारित अवधि पर, जो प्राधिकृत अधिकारी के विवेकाधिकार पर होगी और सरफेसी अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित नियमावली, 2002 के प्रावधानों के तहत हो।
11. उच्चतम बोली लगाने वाले के पास संपत्ति पर कोई अधिकार और स्वामित्व नहीं होगा, जब तक उसके द्वारा पूरी नीलामी मूल्य और अन्य आकस्मिक खर्चों का भुगतान करने के बाद बिक्री प्रमाणपत्र उसके पक्ष में जारी नहीं किया जाता है। बिक्री ई–नीलामी के नियमों और शर्तों के अधीन की जाएगी और उस प्रभाव के लिए प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा पुष्टि की जाएगी।
12. यदि सफल बोलीदाता पूरी बोली/नीलामी की राशि जमा करने में विफल रहता है, तब सफल बोलीदाता द्वारा पहले से जमा की गई राशि को भी जब्त कर लिया जाएगा और चूककर्ता बोलीदाता द्वारा न तो संपत्ति पर और न ही उसके द्वारा जमा की गई राशि पर दावा किया जाएगा। प्राधिकृत अधिकारी नीलामी की जाने वाली संपत्ति/यों के संबंध में उसके पास उपलब्ध सरफेसी अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित नियमावली, 2002 के प्रावधानों के तहत किसी एक या उससे अधिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।
13. ऊपर निर्दिष्ट अवधि तक पूरा बिक्री प्रतिफल प्राप्त करने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी बिक्री प्रमाणपत्र जारी करेगा, उसके बाद बिक्री पूरी हो जाएगी, और कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड को ई भी दावे पर विचार नहीं करेगा।
14. बिक्री प्रमाण पत्र उसी नाम सेजारी किया जाएगा जिस नाम से बोली प्रस्तुत की गई है। बिक्री प्रमाण पत्र में किसी भी व्यक्ति(यों) के नाम शामिल किए जाने के लिए ऐसा कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा सिवाय बोली में उल्लिखित के नाम को छोड़कर।
15. असफल बोलीदाता को ईएमडी राशि, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड द्वारा, उनके खातों में, आरटीजीएस/एनईएफटी/वित्त हस्तांतरण के माध्यम से, 10(दस) कार्य दिवसों के भीतर और बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी।
16. प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी बोली या अधिसूचित नीलामी बिक्री को स्वीकार करने या रद्द करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। ई–नीलामी बिक्री को स्थगित करने/रद्द करने की स्थिति में, बोली प्रस्तुत करने के बाद, बोलीदाताओं द्वारा जमा की गई ईएमडी बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी और यदि बोली रद्द कर दी जाती है, तब प्राधिकृत अधिकारी किसी भी बोलीदाता या अन्य पक्षों से बातचीत कर निजी संधि द्वारा संपत्ति की बिक्री कर सकता है।
17. यदि कोई बोलीदाता नीलामी के तहत 1 से अधिक संपत्ति के लिए बोली लगाने का इरादा रखता है, तब बोलीदाताओं को ऊपर बताई गई प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रत्येक संपत्ति के लिए अलग–अलग बोली प्रस्तुत करनी होगी।
18. अनुसूची में निर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विवरण का उल्लेख प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता की सर्वोत्तम जानकारी में किया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता इस उदघोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
19. माननीय डीआरटी–I, दिल्ली के समक्ष लंबित प्रतिभूतिकरण आवेदन (एस.ए.) क्रमांक 2016 का 145 और (एस.ए.) क्रमांक 2018 का 29 छोड़कर बैंक को किसी अन्य ऋणभार की कोई भी जानकारी ज्ञात नहीं है और आज की दिनांक में विषय संपत्ति की नीलामी पर कोई रोक नहीं है। एमपीडी–2021 के अनुसार एफएआर नहीं रखे जाने की प्रकृति में उक्त संपत्ति में अस्वीकृत निर्माण के कारण वर्तमान में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा विषय संपत्ति को सील कर दिया गया है। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वह स्थानीय प्राधिकरण यानी नगर पालिका कर, रखरखाव/सोसायटी शुल्क, बिजली और पानी शुल्क और किसी भी अन्य देय राशि या करों के ह स्तांतरण के शुल्क सहित अपने आप स्वतंत्र जांच करें। प्राधिकृत अधिकारी या बैंक किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, ऋणभार, या सरकार या किसी अन्य को देय संपत्ति के संबंध में किसी अन्य देय राशि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वह सांविधिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि सहित संपत्ति के बारे में अपने आप स्वतंत्र पूछताछ करें।
20. सभी सांविधिक देयताओं/पंजीकरण शुल्कों, स्टॉप शुल्कों, करो आदि का खर्च खरीदार को वहन करना होगा।
21. वर्तमान नोटिस के तहत संपत्ति की नीलामी बनाम बिक्री के संबंध में किये गय सभी खर्चे, शुल्क अर्थात् नगर पालिका कर, रख–रखाव/सोसायटी शुल्क, बिजली और पानी के शुल्क और किसी भी अन्य देय राशि या करों सहित हस्तांतरण शुल्क पूर्ण रूप से सफल बोलीदाता/खरीदार द्वारा वहन किये जाएंगे।
22. अन्य सभी आकस्मिक शुल्क (जिसमें वर्तमान नीलामी के तहत संपत्ति के संरक्षण के लिए प्रतिभूति शुल्क या रखरखाव शुल्क शामिल हैं लेकिन उस तक सीमित नहीं है) केवल बिक्री प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख से उच्चतम बोलीदाता द्वारा वहन किये जाएंगे, बिक्री प्रमाण पत्र के पंजीकरण से पहले जिसे मुक्त/प्रतिपूर्ति किया जाना आवश्यक है। हालांकि, प्राधिकृत अधिकारी के एकमात्र विवेक पर किसी भी न्यायसंगत और उचित देरी के लिए छूट पर विचार किया जा सकता है, भविष्य के लिये बिना कोई अधिकारिक निर्णय किये।
23. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 194–ए के अनुसार, यदि बिक्री प्रतिफल रु. 50,00,000.00 (रुपए पचास लाख मात्र) और उससे अधिक हो जाता है तब टीडीएस बिक्री प्रतिफल पर लागू होगा। सफल बोलीदाता/खरीदार बिक्री मूल्य से कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में लागू टीडीएस काटेगा और आयकर विभाग के पास जमा करेगा और टीडीएस और फॉर्म 26 क्यूबी/टीडीएस प्रमाण पत्र के साक्ष्य कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पास चालान जमा करेगा।
24. बिक्री सख्ती के साथ ''जहां है जैसा है आधार पर'' और ''जो है वही है आधार पर'' और ''जो कुछ भी है वहीं है आधार पर'' यहां उल्लिखित नियमों और शर्तों पर है, हालांकि प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी नियम और शर्तों को बदलने या बदलाव करने का पूर्ण विवेकाधिकार होगा। बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित संपत्ति के लिए बोली प्रस्तुत करने से पहले उप–पंजीकृत कार्यालय और राजस्व रिकॉर्डर और नगरपालिका रिकॉर्ड्स और संबंधित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रशासनिक सरकार के रिकॉर्ड और संपत्ति, स्थिति, प्रकृति और विवरण के बारे में किसी भी ऋणभार, ग्रहणाधिकार, शुल्क वैधानिक देय राशि आदि के बारे में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करें, और खुद को संतुष्ट करें। कृप्या ध्यान दें कि बैंक/प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता किसी भी तरह से नीलामी के तहत संपत्ति/यों /अस्तियों की फिटनेस/स्वामित्व के संबंध में किसी भी तरह की गारंटी या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है। बिक्री/नीलामी सख्ती से बिना किसी संरक्षण आधार पर होगी।
25. यदि बैंक की देय राशि, उन पर या उनके द्वारा किए गए सभी खर्चो, शुल्कों और उसका कोई भाग जैसा बैंक को स्वीकार्य हो सकता है, जो कर्जदार/रों, गारंटर/रों और/या बंधकर्ता/ओं की ओर से प्रस्तुत की जाती है, किसी भी समय बिक्री के लिए तय की गई तारीख से पहले, संपत्ति की नीलामी/बिक्री रद्द की जा सकती है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि उसे वे स्वीकार्य नहीं लगती हैं या स्थगित/रद्द करना या भंग/रोकी जा सकती है या नीलामी की शर्तों को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय बदल सकता है और उस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा :
26. बोलीदाता ने बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और उसे कथित नियमों और शर्तों का पालन करना होगा।
27. बोलीदाता को उचित इंटरनेट कनेक्टिविटी; पावर बैक अप आदि, सुनिश्चित करनी चाहिए: ई–नीलामी कार्यवाही को प्रभावित करने वाली इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, या तकनीकी कारणों या अन्य कारणों/आकस्मिकताओं के कारण बैंक किसी भी व्यवधान के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
28. कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड या उसके कर्मचारी बिक्री के लिए रखी गई संपत्ति/यों के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा किये गये किसी भी दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
29. वर्तमान नोटिस बैंक की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.kotak.com पर भी अपलोड की गई है और इच्छुक पार्टियां इसे भी देख सकती हैं।
30. अधिक जानकारी के लिए कृपया **प्राधिकृत अधिकारी श्री बटेश ठाकुर (मोबाइल नंबर +91–9953690994) या बैंक के अधिकारी श्री विनोद बेहरानी (मोबाइल नंबर +91–9810004107) और श्री विपुल दुबे (मोबाइल नंबर +91–8377905113) से संपर्क करें।**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6(2), 8(6), 8(7) और 9(1) के तहत संवेधानिक 15 दिवस का बिक्री सूचना कर्जदार/रों, गारंटर/रों और/या बंधकर्ता/ओं को एतद्द्वारा अपने देयताओं का पूर्ण रूप से निर्वहन करने और इस सूचना की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर उपरोक्त ब्याज और खर्चों के साथ देय राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर ''प्रत्याभूत परिसंपत्ति'' (ऊपर उल्लिखित) ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेच दी जाएगी। यदि अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचार पत्रों में बिक्री सूचना के प्रकाशनों के बीच कोई विसंगति पाई जाती है, तब ऐसे मामले में अंग्रेजी अखबार स्थानीय भाषा के समाचार पत्रों मान्य होगा और उसे अंतिम प्रति के रूप में माना जाएगा, ताकि अस्पष्टता को दूर किया जा सके।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 22 जनवरी, 2021

प्राधिकृत अधिकारी,
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के लिए

प्रपत्र जी

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

दिवालिया और शोधन अक्षमता (निगमित व्यक्तियों के लिए दिवालिया समाधान प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	निगमित कर्जदार का नाम	एम-टेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	निगमित कर्जदार के गठन की तिथि	16/12/2005
3.	प्राधिकारी जिनके अधीन निगमित कर्जदार का गठन/पंजीयन किया गया है	कंपनियों के पंजीयक-दिल्ली
4.	निगमित कर्जदार का कॉरपोरेट आईडेंटिटी नम्बर/लिमिटेड लॉयब्लिटी साझेदारी आईडेंटिफिकेशन नम्बर	U45201DL2005PTC143735
5.	निगमित कर्जदार के पंजीकृत कार्यालय तथा मुख्य कार्यालय (यदि कोई है) का पता	अंश हाउस, 144/2 आश्रम, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110014
6.	निगमित कर्जदार के दिवालिया आरम्भ होने की तारीख	12 नवम्बर, 2020
7.	इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण की तारीख	27 जनवरी, 2021
8.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों हेतु पात्रताः	**cirp.mtech@gmail.com** पर ईमेल भेज कर विवरण प्राप्त किया जा सकता है
9.	धारा 29ए के अधीन लागू अपात्रता के नियम जहां उपलब्ध हैः	आईबीबीआई की वेबसाइट (**www.ibbi.gov.in**) पर उपलब्ध है अथवा **cirp.mtech@gmail.com** पर ईमेल भेज कर प्राप्त किया जा सकता है।
10.	इच्छा की अभिव्यक्ति प्राप्त होने की अंतिम तारीख	11 फरवरी, 2021
11.	प्रत्याशित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी होने की तारीख	21 फरवरी, 2021
12.	अनंतिम सूची के प्रति आपत्तियां जमा करने की अंतिम तारीख	26 फरवरी, 2021
13.	प्रस्तावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख	8 मार्च, 2021
14.	सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा प्रत्याशित समाधान आवेदकों हेतु प्रस्ताव योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	26 फरवरी, 2021
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा और जानकारी हेतु अनुरोध प्राप्त करने का प्रारूप	उपरोक्त बिंदु सं. 8 के अनुसार पात्रता के मानदंड की जांच के उपरांत समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा सूचना ज्ञापन हेतु अनुरोध ईमेल के जरिए भेजा जाएगा तथा आईबीसी, 2016 की धारा 29(2) के अधीन प्रतिबद्धता की प्राप्ति का विषय वस्तु है।
16.	समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तारीख	28 मार्च, 2021
17.	समाधान पेशेवर के पास समाधान योजनाएं जमा करने का प्रारूप	समाधान योजना मुहरबंद लिफाफे में क्रमांक 21 में उल्लेखित पते पर जमा की जानी चाहिए
18.	अनुमोदन हेतु समाधान योजना निर्णायक प्राधिकारी के पास जमा करने की अनुमानित तारीख	27 अप्रैल, 2021
19.	समाधान पेशेवर का नाम एवं पंजीयन संख्या	**राकेश कुमार गुप्ता** **आईबीबीआई पंजी. सं.:** IP-P00833/2017-2018/11418
20.	बोर्ड के साथ पंजीकृत समाधान पेशेवर का नाम, पता एवं ईमेल	**पर्म एंड स्मरण,** द्वारा 701, विक्रांत टावर, सं. 4, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008; **ई-मेल आईडीः** rkg.delhi.ca@gmail.com
21.	समधान पेशेवर के साथ पत्राचार हेतु प्रयोग किया जाने वाला पता एवं ईमेल	**राकेश कुमार गुप्ता; पताः** 701, विक्रांत टावर, सं. 4, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008, **ईमेल आईडीः** cirp.mtech@ gmail.com
22.	और विवरण जहां या जिनके पास उपलब्ध है	और अधिक जानकारी समाधान पेशेवर से ईमेल आईडीः cirp.mtech@ gmail.com के जरिए प्राप्त की जा सकती है
23.	प्रपत्र जी के प्रकाशन की तारीख	**28 जनवरी, 2021**

राकेश कुमार गुप्ता
एम-टेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए समाधान पेशेवर
आईबीबीआई पंजीयन सं.: IP-P00833/2017-2018/11418
पताः 701, विक्रांत टावर, सं. 4, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008

दिनांकः 27.01.2021
स्थानः दिल्ली

महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

बिक्री सूचना

कॉर्पोरेट कार्यालय : महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, साधना हाउस, दूसरी मंजिल, 570, पी.बी. मार्ग, वर्ली, मुम्बई 400 018 भारत, दूरभाष : 91 22 66523500 फैक्स : +91 22 24972741

शाखा कार्यालय : तीसरी मंजिल, 139–141 मंगल पांडे नगर, सामने सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002, कपिल कुमार, मोबाइल नं. 9897687168

अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी सह बिक्री की सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूत ऋणों की वसूली के उद्देश्य से प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण की धारा 13(4) (इसके पश्चात ''सरफैसी अधिनियम'' सन्दर्भित) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 (इसके पश्चात ''नियम'' सन्दर्भित) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसके पश्चात ''एमआरएचएफएल'' सन्दर्भित) के अधिकृत प्राधिकारी ने नीचे वर्णित प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति), जिसका कब्जा प्रतिभूति लेनदार के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा सरफैसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत कर लिया गया था, की बिक्री ''जहाँ है जैसे है'' तथा ''जो है यही है'' आधार पर करने का निर्णय लिया है और जनसामान्य तथा सम्बद्ध कर्जदारों/बंधकर्ताओं, उनके प्रतिनिधियों, जैसा मामला हो, के सहित सभी सम्बद्धों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्ति की बिक्री वेब पोर्टल **https://DisposalHub.com** के माध्यम से ई–नीलामी द्वारा की जायेगी जिसके विवरण निम्नलिखित हैं :

कर्जदारों/सह–कर्जदारों/ जमानतियों/ बंधककर्ताओं के नाम	13(2) मांग सूचना की तिथि तथा राशि	कब्जा करने की तिथि	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य ईएमडी संविदा वृद्धि राशि	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई–नीलामी की तिथि एवं समय
शाखा : मेरठ कर्जदार : स्लान्ता शर्मा पता : म.नं. 45 बदेली कनवाबगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020, सह–कर्जदार : आशा शर्मा जमानती : अश्वनी शर्मा पता : 43 जय भीम नगर कमला विहार गढ़ रोड , मेरठ, उत्तर प्रदेश–250004 लैन : 726687/ XSEMMER00608968	28.10.2019 रु. 11,18,004.00 (ग्यारह लाख अठारह हजार चार मात्र)	12–02–2020	प्लॉट सं. 43, खसरा नं. 70, ग्राम दातावाली, गेसूपुर, परगना एवं तहसील एवं जिला मेरठ पिन–250004. पूर्व : 17 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम : अन्य प्लॉट सं. 38, उत्तर : अन्य प्लॉट सं. 44, दक्षिण : अन्य प्लॉट सं. 42.	रु. 10,50,000/– रु. 1,05,000/ रु. 10,000/–	06–02–2021 –, 9.30 बजे पूर्वा. से. 6 बजे अप. तक	15/02/2021 , समय : 11.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे अप. तक
शाखा : मेरठ **कर्जदार** : शाह जहाँ पता : म.नं. 256, पुरवार नफीज अब्दुल करीम, मेरठ सिटी, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002 सह–कर्जदार : जुल्फिकार पता : म.नं. 256, पुरवा नफीज अब्दुल करीम, मेरठ सिटी, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002 लैन : 630474/ SEMMER00532768	04–11–2019 रु. 5,64,962.00 (रुपये पांच लाख चौंसठ हजार नौ सौ बासठ मात्र)	12–02–2020	प्लॉट नं. 1बी645/8 सेमर नं. 10, सेक्टर 3, माधवपुरम, मेरठ, उ.प्र.। पूर्व : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : सड़क, उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति।	रु. 2,68,200/– रु. 26,820/– रु. 10,000/–	06 – 02 – 2021 , 9.30 बजे पूर्वा. से. 6 बजे अप. तक	15/02/2021 , समय : 11.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे अप. तक

1. ईएमडी सहित निर्धारित निविदा प्रारूप में मुहरबन्द प्रस्तावों के यहाँ ऊपर लिखित शाखा कार्यालय के पते पर तथा साथ ही ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि 13.02.2021 को समय 9.30 बजे प्रातः से 6 बजे अप. तक है। जो निविदाएँ भरी नहीं गयी हैं या जो निविदाएँ अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होती हैं उन्हें अवैध निविदा माना जायेगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जायेगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
2. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindrahomefinance.com तथा ई–नीलामी पोर्टल https://DisposalHub.co पर तथा साथ ही शाखा कार्यालय पर भी उपलब्ध हैं।
3. इच्छुक संविदाकारों को उपर्युक्त तिथि एवं समय पर ई–नीलामी में भाग लेने के लिए अपना नाम उपर्युक्त वेब पोर्टल पर निःशुल्क पंजीकृत करना होगा ताकि वे 'महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ईएमडी सहित निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपनी संविदा तथा मुहरबन्द लिफाफे में केवाईसी यहाँ ऊपर उल्लिखित कार्यालय पर जमा कर सकें एवं ऑनलाइन अपलोड कर सकें। किसी पूछताछ के लिए सम्भावित संविदाकार लखनऊ शाखा के अधिकृत प्राधिकारी : अभिषेक कुमार, मोबाइल नं. 9559539998 तथा साझेदार मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से csd@disposalhub.com पर दूरभाष : +91 124 4 233 933, मोबाइल नं. +91 93100 29933 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
4. पुनः सूचना में बकाया राशि पर ऋण अनुबन्ध के अनुसार प्रयोज्य भावी ब्याज वसूला जायेगा और इसकी वसूली तक आकस्मिक व्यय, लागतें आदि बकाया और देय हैं।
5. एतद्वारा कर्जदार तथा जमानती को बिक्री के समय व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने की सूचना दी जाती है और वे बिक्री के नियम एवं शर्तों के विवरण के अनुसार यहाँ ऊपर वर्णित के अनुसार अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु इच्छुक क्रेता/खरीददार ला सकते हैं।
6. कर्जदार(रों)/जमानती(यों) को एतद्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत नीलामी की तिथि से पूर्व ऊपर वर्णित राशि अदा करने के लिए 15 दिन की बिक्री सूचना दी जाती है जिसमें असफल रहने पर अचल सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी और शेष, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागतों सहित वसूल किया जायेगा। यदि कर्जदार बिक्री की तिथि से पूर्व महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की बकाया पूरी राशि अदा कर देता है तो नीलामी रोक दी जायेगी।
7. अचल सम्पत्ति की बिक्री उच्चतम निविदाकार को की जायेगी। किन्तु, अधोहस्ताक्षरी को यदि उचित प्रतीत हो तो पारस्परिक बोली लगाने का पूर्ण अधिकार है।
8. कम्पनी सम्पत्ति की उस किसी देयताओं के लिए उत्तरदायी नहीं है जो कम्पनी के संज्ञान में नहीं है।

अधिक विवरण के लिए शाखा प्रबन्धक से उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

स्थान : मेरठ तिथि : 28.01.2021 हस्ता./- अधिकृत प्राधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

फॉर्म सं0. आईएनसी–26
[कंपनीज़ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तन करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाला विज्ञापन

केंद्रीय सरकार के समक्ष, उत्तरी क्षेत्र

कंपनीज़ अधिनियम, 2013, कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनीज़ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामलें में

तथा

कैली सप्लाई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय एस–674–ए, ग्राउंड फ्लोर, बैक साइड, ओल्ड प्लॉट नं0. 6–सी स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली नई दिल्ली ईस्ट दिल्ली डीएल 110092, में है के मामलें में

..... **याचिकाकर्ता**

एतद्द्वारा सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **"दिल्ली राज्य" से "तमिलनाडु राज्य"** में परिवर्तन करने के सक्षम बनाने हेतु कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्रीय सरकार के समक्ष 31 दिसम्बर, 2020 को आयोजित कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुकूल, कंपनी की संस्था बहि नियमावली में परिवर्तन करने की याचिका प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है तो वह निवेशक शिकायत फॉर्म फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या शपथपत्र द्वारा समर्थित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का आधार बताते हुए, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के अन्दर क्षेत्रीय निदेशक के पतेः क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र पीठ, बी–2 विंग, 2 फ्लोर, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली 110003 को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करें, और एक प्रतिलिपि आवेदक कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पर भेजी जानी चाहिएः

कैली सप्लाई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
एस–674–ए, ग्राउंड फ्लोर, बैक साइड, ओल्ड प्लॉट नं0. 6–सी स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली नई दिल्ली ईस्ट दिल्ली डीएल 110092

कृते और आवेदक की ओर से
हस्ता/–
गौशिकुमार सामियप्पन
निदेशक
DIN: 08155354

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 28.01.2021

JBM Group

Our milestones are touchstones

जय भारत मारूति लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 601 हेमकुन्त चैम्बर्स, 89, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोन न.: 011–26427104 **फैक्स न.:** 011–26427100 **वेबसाइटः** www.jbmgroup.com
CIN No. L29130DL1987PLC027342

31 दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही एवं नौमाही के लिये अनंकेक्षित परिणामों का विवरण

(रू लाख में)

क्रम सं.	विवरण	एकल 31/12/2020 को समाप्त तिमाही	एकल 31/12/2020 को समाप्त नौमाही	एकल 31/12/2019 को समाप्त तिमाही	समेकित 31/12/2020 को समाप्त तिमाही	समेकित 31/12/2020 को समाप्त नौमाही	समेकित 31/12/2019 को समाप्त तिमाही
1.	प्रचलनों से कुल आय	49,871.37	96,204.21	40,341.11	49,871.37	96,204.21	40,343.11
2.	अवधि के लिये निवल लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	2,765.86	1,021.31	1,041.83	2,799.23	1,015.31	1,054.64
3.	अवधि के लिये कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/अथवा असाधारण मदों के उपरांत)	2,765.86	1,021.31	1,041.83	2,799.23	1,015.31	1,054.64
4.	अवधि के लिये कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/ अथवा असाधारण मदों के उपरांत)	1,766.47	610.77	671.41	1,791.36	606.20	679.46
5.	अवधि के लिये समग्र आय {लाभ/(हानि) शामिल करते हुए अवधि के लिए (कर उपरांत) और अन्य समग्र आय (कर उपरांत)}	1,860.63	1,005.50	772.14	1,885.52	1,000.93	780.19
6.	सामान्य अंश पूंजी	1,082.50	1,082.50	1,082.50	1,082.50	1,082.50	1,082.50
7.	आरक्षित पिछले वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार (पुनर्मुल्यांकन आरक्षितों के अलावा)	41,225.34	41,225.34	39,323.40	41,233.98	41,233.98	39,311.33
8.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक रू 5/-) (वार्षिकृत नहीं) (जारी और स्थगित प्रचालनों के लिये)-						
	क) मूलभूत	8.16	2.82	3.10	8.27	2.80	3.14
	ख) मिश्रित	8.16	2.82	3.10	8.27	2.80	3.14

नोटः

क) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण और अन्य आवश्यकताओं के प्रकटीकरण) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अधीन शेयर बाज़ारों के पास दायर किये गये तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का सार है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रपत्र शेयर बाज़ारों की वेबसाइटों, www.nseindia.com और www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.jbmgroup.com पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते **जय भारत मारूति लिमिटेड**
हस्ता./-
एस. के. आर्य
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशंक

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 27 जनवरी, 2021